

## इकतारा बोले

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)
9394290204

# गुरुत्व के गुरु और उनका अंधा चेला

सुबह सैर के बाद आकर चाय पी ही रहा था कि फोन बज उठा। बिना किसी परिचय के उस ओर से दहाड़ती सी आवाज आई 'आप क्या रहे हैं? आप गलत कर रहे हैं क्या आप जानते हैं? 'मैंने कहा 'काफी दिनों से आदत है बस निभाये जा रहा हूं। मैं जानता हूं चाय पीना बुरी बात है। वह भी शक्कर के दाम बढ़ने की वजह से दिन में सिर्फ दो बार पीता हूं वह भी एक-एक चम्मच शक्कर से चला लेता हूं दो चम्मच की बजाय।' उधर से हूंकार भरी आवाज आई 'मैं चाय के बारे में या सिगरेट के बारे में या शराब के बारे में नहीं बोल रहा हूं।' मैंने कहा 'मुझे तो चाय के अलावा कोई दूसरी बुरी आदत नहीं है तो आप किस बारे में बात कर रहे हैं?' उधर से फिर बड़ी गंभीर आवाज में उस शख्स ने कहा 'आज का अखबार देखा है?' मैंने कहा 'हां मालूम है महंगाई फिर बढ़ गई है। रुपए का अवमूल्यन हो गया है डॉलर की तुलना में। सेंसेक्स कई पॉइंट गिर गया है और प्रधानमंत्री ने कल सब के साथ मिलकर ओणम मनाया।' 'मैं आप से हेडलाइंस नहीं पूछ रहा हूं भाई। आपका जो कॉलम है, जिसमें आपने हमारे भगवान को खरी खोटी बातें जो सुनाई हैं, मैं उसके बारे में बातें कर रहा हूं। ' मैंने कहा 'मैं कभी किसी भी धर्म या भगवान या खुदा या यीशु के बारे में नहीं लिखा करता या खरी खोटी सुनाया नहीं करता। आपने शायद गलत नंबर पर फोन लगाया है।' उधर से उस आदमी ने मेरे नाम की पुष्टि की और कहा 'आप तो वही है न जो एक व्यंग्य कॉलम लिखते हैं? ' मैंने कहा 'हां तो' 'आपने आज के कॉलम में क्या लिखा है?' मैंने बताया ' व्यस्त बड़े भैया की बातें लिखी हैं और क्या लिखा है नो आराम सिर्फ काम।'

'जिसके करोड़ों भक्तहैं, लाखों अनुयाई हैं और सैकड़ो शिष्य हैं ऐसे लोकप्रिय विश्व गुरु के बारे में आपका यह कथन, यह व्यंग्य क्या शोभा देता है आपको? यह सब तुरंत बंद होना चाहिए।'

मैंने कहा 'आपको शायद याद हो एक कहावत है चोर की दाढ़ी में तिनका। इसका मतलब है कि किसी को भी कुछ भी कहा जाए तो अपनी दाढ़ी में तिनका ढूंढने की जो कोशिश करते हैं आपकी तरह। यह इसका उदाहरण है आपके साथ संवाद। समर्पण के बारे में और उनकी वेशभूषा और दौड़ धूप के बारे में जो लिखा है उसमें गलत क्या है? यह तो सबको पता है कि वे दिन में अठारह घंटे काम करते हैं। यह भी पता है कि बहुत काम करते हैं चाहे विकास आधारित हो या ना हो, लोगों का कल्याण हो या ना हो। कर्मण्ये वाधिकारस्ते माफलेशु कदाचन। बस काम करना है जिस तरह एक गीत है मुसाफिर हूं यारों ना घर है ना ठिकाना मुझे चलते जाना है। इसी तरह काम करते जाना है।' फिर मैने पूछा 'इतना कुछ कह रहे हो आप, अपना नाम तो बताते जाएं।' आवाज आई ' मेरा नाम गुरु गंभीर घंटाल और मैं अपने बड़े भैया का सबसे बड़ा चेला क्योंकि वे विश्व गुरु हैं। 'जब बात आ गई विश्व गुरु की तो मेरी बात सुन लें। विश्व गुरु की बात तब तक सही थी जब तक आप बाईडेन का पक्ष लेकर अपना काम करते रहे। जब से ट्रंप अमेरिका में आया है तब से विश्व गुरु का जो प्रभामंडल है उसमें भारी कमी आई है, धूमिल हुआ जा रहा है और पहली बार भारत का इस तरह से अपमान अमेरिका ने किया है कि कहते नहीं बनता। बार-बार विदेश यात्रा करने की बजाय यदि हम अपने युवाओं को, जो कि भारत की जनसंख्या का बहुत बड़ा प्रतिशत है, को रोजगार मुहैया कराते, महंगाई कम करते, जनकल्याण करते तो शायद कुछ ठीक ही होता। अमेरिका के अध्यक्ष ने हमारा आदर किया, हमारा सम्मान किया जैसे खोखले शब्दों से बिगड़ी परिस्थितियां कहां सीधी होने वाली? खोखले दंभों से जब तक हम नहीं बचेंगे, तब तक हम अपने आप को, अपने अस्तित्व को बचा पाने में समर्थ नहीं होंगे। यही में मेरा अपना विचार है। आपके विश्व गुरु आपको मुबारक हो आपका शिष्यत्व उनको मुबारक हो। मुझे बार-बार फोन करके परेशान ना करें। मुझे जो लिखना है मैं लिखूंगा। आपको जो होता है आप करते रहें' उधर से पांच सेकंड का मौन और उसके बाद उन्होंने कहा 'मतलब तुम नहीं सुधरोगे? तुम मुझे नहीं जानते मुझे तुम्हारा पता, पता है और मैं आकर के तुमको बताऊंगा कि मैं क्या कर सकता हूं?' वह आप से तुम पर उतर आया था। मैंने कहा 'अब सुधरने की कोई संभावना नहीं है घंटाल जी, क्योंकि सुधरने की सीमाएं सारी पार करके आ चुका हूं। और उम्र भी नहीं रही सुधरने की। रही बात आपको मेरा पता पता है यह मुझे पता चला और मैं पता करता हूं कि आपका पता क्या है ताकि मुझे यह पता हो कि आपने जो कही है वह पते की बात है या नहीं? ' गुरु गंभीर घंटाल ने उधर फोन रख दिया और इधर मैं चाय की चुस्कियां लेने लगा।

# मनाया जिव्हेश्वर जन्मोत्सव, निकली पालकी

**इन्दौर।** सृष्टि के प्रथम वस्त्र निर्माता, भगवान शंकर की जिव्हा से प्रकट 'जिव्हेश्वर ', जो मराठी भाषी साळी समाज के आराध्य देवता होने व उनका प्राकट्य दिवस 26 अगस्त को होने से समाजजनों द्वारा बडे ही उत्साह से सैकडों की संख्या में पालकी, कलश, शोभा यात्रा प्रातः 8 बजे शिवधाम मंदिर, परदेशीपुरा से प्रारंभ करते हुए श्रमिक क्षेत्र में नगर भ्रमण कराने के उपरांत जिव्हेश्वर मांगलिक भवन, बजरंग नगर, इन्दौर पर समापन किया गया। यात्रा मार्ग पर लगभग 25 स्वागत मंचों से श्रद्धादुओं द्वारा पुष्प वर्षा एवं फलाहार वितरण करते हुए आयोजकों एवं पालकी का स्वागत किया, जिसमें देवताओं की विग्रह स्वरूप झांकियां, भजन मंडलियां, कलशधारी पिताम्बर




परिधान में मातृशक्तियां एवं धवल वस्त्र में पुरूष वर्ग के साथ-साथ युवा वर्ग द्वारा पृथक से निर्धारित ड्रेस कोड में आनंदोत्सव के साथ नृत्य, ईश्वरीय आराधना, जयघोष एवं मातृ शक्ति द्वारा पारंपरिक नृत्य फूगडी एवं विशेष नृत्य कोडी, मराठी लावणी का भी मनमोहक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा सामाजिक संगठन एवं समरसता पर बल देते हुए साळी समाज को मेहनतकश एवं निष्ठावान बताया तथा समाज की युवा पीढी को संस्कारित, धार्मिक, आध्यात्मिकता से जुडाव रखने एवं समाज में व्याप्त नशे जैसे विकृतियों को छोडने एवं मोबाईल जैसे संसाधनों का उपयोग भी उल्लेखनीय कार्य हेतु किये जाने का आव्हान किया। समाज के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार देवकर एवं कार्यक्रम संयोजक सुनील वक्ते, राजेश बोर्डे, अशोक अहिरे, मुकेश वक्ते एवं अन्य द्वारा बताया कि विगत 29 वर्षो से इन्दौर शहर में अत्यंत उत्साह एवं आनंद के साथ सभी समाजजनों द्वारा यह कार्यक्रम किया जाता है, जिसमें समाज में उल्लेखनीय मार्गदर्शन करने वाले वरिष्ठ समाजसेवियों, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय स्थान रखने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं प्रतिभा सम्पन्न युवाओं को अतिथियों द्वारा शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह देते हुए सम्मानीत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद शकर लालवानी, उपस्थित रहे तथा मांगलिक भवन में सांसद निधि से निर्माण कराये गये कमरों का लोकार्पण करते हुए अपने उद्बोधन में समाज को सांगठनिक रूप से एकजुट रहने एवं आगे बढने की प्रेरणा दी गई। नगर निगम सभापति मुन्नालाल यादव द्वारा मांगलिक भवन हेतु नगर निगम से आर्थिक सहयोग दिलाने हेतु आश्वस्त किया। राष्ट्रसेविका माला ठाकुर द्वारा स्त्री शक्ति को देवी अहिल्या के पदचिन्हों को अंगीकार करने हेतु प्रेरित किया। संचालन गणेश वाढे एवं आभार प्रदर्शन राजेश बोर्डे द्वारा किया।

# एमडी ड्रग्स तस्करी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर (नगर संवाददाता)। क्राइम ब्रांच की टीम ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किए गए तस्कर को एमडी ड्रग्स की डिलीवरी और नेटवर्क संचालन में सहयोग करता था।**



एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि पूर्व में कार्रवाई करते हुए आरोपी आयुष नागर निवासी कोतवाली, जिला उज्जैन को रंगे हाथों पकड़ा गया था। उस समय पुलिस ने आयुष के कब्जे से 53.39 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स, जिसकी कीमत करीब 5,40,000 रुपये है, और एक सिल्वर रंग की एक्सेस 125 स्कूटर जब्त की थी। कुल 5.80 लाख रुपये के मशरूका की जब्ती के बाद जब पुलिस ने आयुष से कड़ाई से पूछताछ की, तो इस पूरे काले कारोबार में पीयूष चवंड नामक युवक की संलिप्तता का खुलासा हुआ था, जो घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए क्राइम ब्रांच इंदौर की विशेष टीम लगातार आरोपी की पतारसी में जुटी हुई थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर फरार आरोपी पीयूष चवंड निवासी मक्सी रोड, उज्जैन को धर दबोचा। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि आरोपी 10वीं तक पढ़ा-लिखा है और एक ज्वेलरी की दुकान पर काम करता है।

# ऑनलाइन फ्रॉड के विरुद्ध इंदौर क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्यवाही...

## 80 संदिग्ध मोबाइल नंबर एवं 15 IMEI नंबर कराए गए ब्लॉक

**इंदौर।** बढ़ते ऑनलाइन साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आमजन को साइबर ठगी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर इंदौर के निर्देशन में क्राइम ब्रांच इंदौर की साइबर सेल द्वारा तकनीकी संसाधनों एवं उपलब्ध साइबर अपराध संबंधी डेटा का लगातार विश्लेषण कर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। जनवरी 2026 से जुलाई 2026 की अवधि में IyC (Indian Cyber Crime Coordination Centre), गृह मंत्रालय, भारत सरकार के NCRP (National Cyber Crime Reporting Portal) पर प्राप्त साइबर अपराध संबंधी शिकायतों एवं उपलब्ध तकनीकी डेटा का विस्तृत विश्लेषण किया गया।तकनीकी विश्लेषण के दौरान ऐसे संदिग्ध मोबाइल नंबरों की पहचान की गई, जो अलग-अलग साइबर अपराधों की शिकायतों में बार-बार सामने आए थे तथा जिनका उपयोग साइबर ठगी एवं अन्य ऑनलाइन अपराधों में किया जा रहा था। चिन्हित मोबाइल नंबरों के संबंध में आवश्यक तकनीकी प्रक्रिया अपनाते हुए अब तक 80 संदिग्ध मोबाइल नंबर ब्लॉक करवाए गए हैं।इसी प्रकार, साइबर अपराधों में संदिग्ध रूप से उपयोग किए गए मोबाइल उपकरणों की पहचान कर 15 IMEI नंबर भी ब्लॉक करवाए गए हैं। जांच एवं तकनीकी विश्लेषण में सामने आया कि इन संदिग्ध मोबाइल नंबरों का उपयोग ऑनलाइन वित्तीय ठगी, फर्जी निवेश एवं ट्रेडिंग, फर्जी नौकरी/वर्क फ्रॉम होम, सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी, फर्जी लिंक भेजने तथा अन्य प्रकार के साइबर अपराधों में किया जा रहा था।

### पुलिस की आमजन हेतु सायबर एडवाइजरी

अनजान मोबाइल नंबर से आए कॉल, मैसेज या WhatsApp पर भरोसा न करें और OTP, PIN, CVV या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। फर्जी निवेश, ट्रेडिंग, नौकरी/वर्क फ्रॉम होम एवं आकर्षक लाभ के झांसे में आकर किसी अनजान व्यक्ति को राशि ट्रांसफर न करें। -अनजान लिंक, APK फाइल या संदिग्ध वेबसाइट पर क्लिक करने से बचें और मोबाइल में केवल विश्वसनीय स्रोत से ही ऐप डाउनलोड करें।

# रक्षाबंधन पर सावन महोत्सव का भव्य समापन

## नेपाल त्रासदी के मृतकों की शांति के लिए होगा विशेष हवन

**इंदौर।** तपोनिष्ठ संत श्री श्री 1008 पीठाधीश्वर श्री राजगुरु जी महाराज के सानिध्य में शिवनगर तिल्लौर खुर्द मार्ग स्थित हनुमंत खेड़ापति आश्रम, पिपलिया लोहार में 29 जुलाई से चल रहे सावन महोत्सव एवं अखंड रामायण पाठ का समापन रक्षाबंधन पर्व पर 28 अगस्त को भव्य धार्मिक आयोजन के साथ होगा। समापन अवसर पर दोपहर 12 बजे विशाल भंडारा, गुरुदीक्षा कार्यक्रम, हवन-पूजन, महाभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। सावन महोत्सव के दौरान आश्रम में प्रतिदिन भगवान महादेव



का अभिषेक, विशेष पूजन एवं महाआरती की गई। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन भोजन प्रसादी की व्यवस्था रही, वहीं सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का भी आयोजन किया गया। आश्रम परिसर में अखंड रामायण पाठ लगातार जारी है। धार्मिक आयोजनों के साथ श्रद्धालुओं को नशामुक्ति का संदेश भी दिया जा रहा है। समापन अवसर पर नेपाल में हुई त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी तथा उनकी आत्मा की शांति एवं सद्गति के लिए विशेष हवन-पूजन किया जाएगा। गुरुवार को श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री राजगुरु जी महाराज ने कहा कि नेपाल में हुई त्रासदी से भारत सहित कई देशों के लोगों को क्षति पहुंची है। ऐसे समय में मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त करना और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करना मानवता का दायित्व है। इसी भावना के साथ आश्रम परिसर में विशेष पूजन एवं हवन किया जा रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म, संस्कार, सेवा और नशामुक्त जीवन का संदेश समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# 100 से अधिक स्कूलों में वॉटर कूलर-आरओ, 200 और लगाने की तैयारी

**इंदौर ।** जिले के सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सांसद निधि और सीएसआर फंड से 100 से अधिक वॉटर कूलर एवं आरओ लगाए जा चुके हैं। अब 200 और स्कूलों में यह सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी है। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्णय गुरुवार को कलेक्ट्रेट में हुई जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में लिया गया। बैठक में सांसद शंकर लालवानी और कलेक्टर शिवम वर्मा ने जलापूर्ति एवं स्वच्छता से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि सभी नागरिकों को पर्याप्त और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू रखने, हैंडपंपों का नियमित संधारण और वॉटर रिचार्जिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जलापूर्ति से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए प्लंबरों को प्रशिक्षण देने तथा भूजल स्तर बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी रखने पर भी जोर दिया।

# बैंक हड़ताल से पूर्व बैंककर्मियों द्वारा प्रदर्शन



**इन्दौर।** यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस के आव्हान पर आज देश भर के बैंककर्मियों द्वारा 5 दिवसीय बैंक सप्ताह के समझौते के क्रियान्वयन, पीएलआई के यथा सहमति भुगतान और निलंबित मुद्दों के निराकरण की मांगों के लिए प्रदर्शन किया गया. बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा यशवंत निवास रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक के परिसर में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन में बड़ी संख्या में उपस्थित महिला बैंककर्मियों ने जोशीली नारेबाजी की. प्रदर्शनकारियों को यूनाइटेड फोरम के संयोजक मोहनकृष्ण शुक्ला, आइबोक कनारा बैंक के गोयलजी, स्टेट बैंक के पंकज पोरवाल, एआईबीओए के अरविंद पोरवाल ने संबोधित किया. प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व गजानन नीमगांवकर, सतीश जैन, आरके दागी, निखिल वैध, कोमल, सोनल अग्रवाल, राजमहल नागर, शुभम चतुर्वेदी, राजेश जैन ने किया. कार्यक्रम का संचालन रामदेव सायडिवाल और अंत में धन्यवाद पंजाब नेशनल बैंक के पंकज ने दिया.

# जिलाबदर आरोपी प्रतिबंधित क्षेत्र में घूमते पकड़ाया

**इंदौर।** जिला बदर किए जाने के बावजूद प्रतिबंधित क्षेत्र में घूम रहे एक आरोपी को परदेशीपुरा पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आशीष पाल, निवासी फिरोज गांधी नगर, इंदौर को जिला बदर किया गया था। इसके बावजूद वह जिला बदर आदेश का उल्लंघन करते हुए प्रतिबंधित क्षेत्र में घूमता मिला। 26 अगस्त की शाम करीब 6 बजे पुलिस ने उसे थाना परिसर परदेशीपुरा के पास से पकड़ा। पुलिस के मुताबिक आरोपी के जिला बदर होने की जानकारी सामने आने के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की गई। मामले में मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अब जिला बदर आदेश की शर्तों और आरोपी के प्रतिबंधित क्षेत्र में पहुंचने के कारणों की जानकारी जुटा रही है।

# अचानक पेट दर्द उठा, अस्पताल ले जाते समय युवक की मौत

## 26 वर्षीय विपिन सिंह रघुवंशी की मौत, प्रारंभिक जांच में साइलेंट अटैक की आशंका

**पीथमपुर।** औद्योगिक नगरी पीथमपुर के इंडोरामा क्षेत्र स्थित विजय नगर में एक 26 वर्षीय युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। मृतक की पहचान विपिन सिंह रघुवंशी के रूप में हुई है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार विपिन मूल रूप से मेहर जिले के नौगांव नंबर-4 के निवासी थे और पीथमपुर की एलएंडटी कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत थे। वे अपने माता-पिता और छोटी बहन के साथ रहते थे। बताया गया कि घटना के समय विपिन के पेट में अचानक तेज दर्द उठा। कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन और उनके रूम पार्टनर तत्काल उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

### अचानक बिगड़ी तबीयत से मचा हड़कंप

युवक की अचानक मौत की सूचना मिलने के बाद परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। कम उम्र में हुई मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों के अनुसार विपिन को पहले से किसी गंभीर बीमारी की जानकारी नहीं थी, इसलिए अचानक तबीयत बिगड़ने की घटना से सभी हैरान हैं।

### पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की

घटना की सूचना मिलने पर बगदून थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मौत का कारण साइलेंट अटैक होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन भी शव का पीएम कराने के लिए पहुंचे। पुलिस द्वारा घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# रक्षाबंधन आज, मिठाई और राखी की दुकानों पर बढ़ी भीड़

**पीथमपुर। भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पर्व को लेकर पीथमपुर के बाजारों में भी रौनक दिखाई दे रही है। खासकर मिठाई और राखी की दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ने लगी है।**



बहनें भाइयों के लिए पसंदीदा राखियां खरीदने के साथ मिठाई और अन्य उपहारों की खरीदारी करती नजर आ रही हैं। रक्षाबंधन को लेकर शहर के प्रमुख बाजारों में जगह-जगह राखी की दुकानें सजी हुई हैं। इस बार बाजार में 10 रुपए से लेकर करीब ?5000 तक की राखियां उपलब्ध हैं। साधारण राखियों के साथ डिजाइनर, बच्चों की पसंद वाली कार्टून और आकर्षक राखियां भी लोगों को खूब पसंद आ रही हैं। वहीं कई दुकानों पर राखियों की थोक में भी बिक्री हो रही है।

### मिठाई के दाम बढ़े, उत्साह बरकरार

मिठाई कारोबारियों के अनुसार इस बार मिठाइयों के दामों में कुछ बढ़ोतरी हुई है, इसके बावजूद रक्षाबंधन को लेकर ग्राहकों का उत्साह कम नहीं हुआ है। सैनी स्वीट्स के संचालक गोपाल सैनी, सिग्नल स्वीट्स के संचालक सतीश राय, पूजा स्वीट्स के संचालक विशाल शर्मा और गजराज होटल के संचालक चंकी सैनी ने बताया कि रक्षाबंधन को लेकर मिठाइयों की मांग बनी हुई है। ग्राहक अपनी पसंद के अनुसार मिठाइयां खरीद रहे हैं। दुकानों पर त्योहार को देखते हुए अलग-अलग प्रकार की मिठाइयां तैयार की गई हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि रक्षाबंधन के दिन मिठाई की बिक्री में और तेजी आएगी। सुबह से ही बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की संभावना है।

### सुबह 5.57 से 9.48 बजे तक शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार इस वर्ष रक्षाबंधन 28 अगस्त शुक्रवार को मनाया जाएगा। राखी बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 5.57 बजे से 9.48 बजे तक बताया गया है। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में बढ़ी चहल-पहल से दुकानदार भी उत्साहित हैं। व्यापारियों का कहना है कि भाई-बहन के इस पर्व पर खरीदारी को लेकर हर वर्ग में उत्साह देखने को मिल रहा है।